पांच हथियार तस्कर गिरफ्तार, 12 पिस्टल-8 मैग्जीन व 20 राउंड जब्त

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 जनवरी। बानमोर पुलिस ने 5 हथियार तस्करों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों से 32 बोर की 12 पिस्टलों के साथ 8 मैग्जीन और 20 जिंदा राउण्ड बरामद किए है। पकड़े

बानमोर पुलिस की कार्रवाई

गए 4 बदमाश आदतन अपराधी है, उनके विरुद्ध जिले के अलग-अलग थानों में पूर्व में ही आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है।

हथियार तस्करों की गिरफ्तारी का खुलासा बुधवार को एसपी समीर सौरभ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। उनके साथ एएसपी सुरेन्द्रपाल डाबर, बानमोर थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह यादव मौजूद थे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार बानमोर थाना प्रभारी दीपेन्द्र यादव को 13 जनवरी को मुखबिर ने हथियार तस्करों के मूवमेंट की सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सीतापुर जखौदा में भैरव मंदिर के पास वाले मोड़ से 3 बदमाशों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम भानु गौड़ पुत्र मुकेश गौड़ नि. पुराना जौरा, मोनू उर्फ मोहन उर्फ पप्पा गुर्जर पुत्र पदम सिंह गुर्जर नि. पगारा रोड जौरा, रामलखन कुशवाह पुत्र हरिप्रसाद कुशवाह नि. डीडी नगर ग्वालियर बताए। तलाशी के दौरान पुलिस ने तीनों बदमाशों के पास से 32 बोर की 10 पिस्टल, 8 मैग्जीन और 16 जिंदा राउण्ड बरामद किए। पूछताछ में बदमाशों ने हथियारों की खरीद-फरोख्त किया जाना कुबूल किया।

हथियारों के अवैध कारोबार में दो अन्य बदमाशों के शामिल होने की बात कही। जिसके बाद पुलिस ने उनके साथी विवेक उर्फ माफिया पुत्र सुरेश सिंह गुर्जर नि. गंगाराम का पुरा बानमोर एवं राज पुत्र पूरन गोस्वामी को गिरफ्तार किया। इन दोनों के पास से पुलिस ने दो पिस्टल एवं 4 जिंदा राउण्ड जब्त किए।

बदमाशों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

4 बदमाश आदतन अपराधी, विभिन्न थानों में दर्ज है प्रकरण

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाश मोनू उर्फ मोहन के विरुद्ध मुरैना जिले के जौरा, बानमोर में दो, रामलखन कुशवाह के विरुद्ध बानमोर एवं खरगोन जिले के गोगांव थाने में दो, विवेक उर्फ माफिया के विरुद्ध बानमोर थाने में चार एवं बदमाश भानु गौड़ के विरुद्ध बानमोर एवं जौरा थानों में तीन आपराधिक प्रकरण पूर्व से ही पंजीबद्ध है।

सफलता हासिल करने वाली टीम में यह रहे शामिल

एसएचओ बानमोर निरी. दीपेन्द्र यादव, निरी. ओपी रावत, सूबेदार हरेन्द्र सिंह, एसआई अभिषेक जादौन, यशपाल बरौनिया, उमेश शर्मा, प्र.आर. मंगल शर्मा, मुनेन्द्र सिंह, राजकुमार, श्रीकुमार मुदगल, रोहताल यादव, दुष्यंत शर्मा, संजीव अटल, आरक्षक मंगल गुर्जर, योगेन्द्र गुर्जर, मीरेन्द्र, प्रशांत शर्मा, रामकिशन जादौन, कुलदीप दोहरे, शैलेन्द्र जाट, राहुल, अवधेश सिकरवार, अजीत जाट, वीरपाल जाट, आकाश बाथम, अवकाश जाट, सुनील यादव सफलता हासिल करने वाली टीम में शामिल थे।

जयपुर में मारपीट से जख्मी हुए मजदूर की मुरैना में मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 जनवरी। मजदूरी करते समय ईंट लगने से जख्मी हुए मजदूर का जयपुर में इलाज कराने के बाद परिजन उसे 13 जनवरी की रात को मुरैना ले आए थे। यहां हालत बिगड़ने पर परिजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां उपचार के दौरान मजदूर की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सबलगढ़ तहसील के ग्राम कीरतपुर निवासी बहादुर सिंह 45 पुत्र ललन सिंह जाटव जयपुर में बेलदारी का काम करता था। कुछ दिन पहले बहादुर सिंह जयपुर की कठपुतली कॉलोनी में मामचौन कैलारस निवासी रामहेत कारीगर के साथ मजदूरी का काम कर रहा था। इसी दौरान सिर में ईंट लगने से बहादुर जख्मी हो गया था। उसे जयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजन बहादुर को 13 जनवरी को जयपुर से डिस्चार्ज कराकर मुरैना ले आए। यहां पहुंचनें के बाद जब फिर से बहादुर की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। यहां उपचार के दौरान बहादुर की मौत हो गई। परिजन का कहना था कि जयपुर में मजदूरी के रूपये मांगने पर रामहेत कारीगर ने उसके सिर में ईंट मारी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजन रामहेत के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करने की मांग कर रहे थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

सीवर लाईन में गोबर डालने वाले पशुपालकों पर होगा जुर्माना

मुरैना, 14 जनवरी। नगर निगम सीमा क्षेत्र में सीवर लाईन में गोबर डालने वाले पशुपालकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार के निर्देश नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने अधिकारी, कर्मचारियों को दिए है। आयुक्त श्री धाकरे ने बताया कि पशुपालकों द्वारा सीवर लाईन में गोबर डाले जाने की वजह से सीवर सिस्टम और नालियां चौक हो जाती है। जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैलना शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में सीवर लाईनों में गोबर डालते हुए पाए जाने वाले पशुपालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा। यहां बता दें कि ननि सभापति राधारमण डंडौतिया ने ननि आयुक्त को पशुपालकों द्वारा सीवर लाईन में गोबर डाले जाने से सीवर लाईन के चौक होने को लेकर चर्चा की थी। जिसे लेकर ननि आयुक्त ने मदाखलत अधिकारी और राजस्व शाखा के कर्मचारियों को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए है।

दुर्गादास कॉलोनी में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

मुरैना, 14 जनवरी। सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत महाराजपुर रोड स्थित दुर्गादास कॉलोनी में रहने वाले शेर सिंह उर्फ शेरू यादव 28 पुत्र जगदीश सिंह यादव ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को अपने घर में फांसी लगा ली। बुधवार की सुबह जब परिजन ने उसे फंदे पर झूलते हुए देखा, तब पुलिस को सूचना दी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतक ने किन कारणों के चलते आत्महत्या की, यह जांच का विषय बना हुआ है।

सामाजिक दायित्वों के साथ जीव सेवा सबसे बड़ा धर्म : प्रज्ञानंद

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 जनवरी। सामाजिक दायित्वों के साथ दीन-हीन, जरूरतमंदों और जीवों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है, यही हमारे सनातन का सबसे सुंदर चेहरा है। पश्चिमी देश पूरे विश्व को कार्पोरेट मार्केट मानता है, कोई इसे ग्लोबल विलेज कहता है लेकिन हमारा धर्म कहता है कि वसुधैव कुटुंबकम।

रियायती दरों पर वेंटिलेंटर युक्त एंबुलेंस सेवा को सुको के न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने दिखाई हरीझण्डी

यह बात शारदाद्वय द्वारिका पीठ के शंकराचार्य प्रज्ञानंद सरस्वती ने बुधवार को मुरैना में पहली वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस सेवा शुरू होने के मौके पर कही। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जितेंद्र माहेश्वरी ने कहा कि लोकार्पण के साथ ही आज से वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस सेवा शुरू कर दी गई है। जिससे मुरैना जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में त्वरित एवं उन्नत आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि यह सेवा विशेष रूप से जिले के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने ओमश्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट परिवार के इस जनकल्याणकारी प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा प्रकल्प प्रारंभ किए जाने की आशा व्यक्त की।

सुको न्यायमूर्ति व कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अंडर कार्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के तहत ओम श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट को प्रदान की गई एंबुलेंस को सुको के न्यायमूर्ति जितेंद्र माहेश्वरी, कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एडिशनल एसपी सुरेंद्र पाल डाबर, एसबीआई के अधिकारी रमेशचंद यादव, सुबीन कुमार, जौरा नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, उद्योगपति संजय माहेश्वरी सहित सेवा भारती, भाविप, इनर व्हील क्लब, जेसीआईए जागृति लायंस क्लब मयूरवन, लायंस क्लब समन्वय के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सेवा भारती करेगी एंबुलेंस का संचालन, फोन कॉल पर मिलेगी सुविधा

एसबीआई-ओमश्री मनकामेश्वर के प्रयासों से प्रदत्त वेंटिलेटरयुक्त एंबुलेंस का संचालन सेवा भारती करेगी। लोगों को फोन कॉल के जरिए नो प्रोफिट-नो लोस के आधार पर एंबुलेंस सेवा का लाभ दिया जाएगा।

लड़कों ने बर्तन बेचे, परिजन दुकानदार से बोले चुराकर लाए

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 जनवरी। शहर के सदर बाजार स्थित एक बर्तन भंडार पर विगत 10 जनवरी को गणेशपुरा इलाके में रहने वाले दो

दुकानदार का आरोप मारपीट कर ले गए डेढ़ लाख रुपए

लड़के पीतल के बर्तन लेकर पहुंचें, बर्तनों को बेचकर दोनों लड़के पैसे लेकर चले गए। जिसके बाद 13 जनवरी को दो युवक दुकान पर पहुंचें, उन्होंने दुकानदार से कहा कि उनका पुत्र कान्हा घर से बर्तन चुराकर दुकान पर बेच गया है, दुकानदार के

विरोध करने पर उन्होंने मारपीट कर डाली।

बर्तन व्यवसाई उमेश पुत्र छविराम गुप्ता निवासी सदर बाजार ने 14 जनवरी को सिटी कोतवाली पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपा। जिसमें बताया है कि उसकी सदर बाजार में उमेश बर्तन भंडार की दुकान है। 10 जनवरी की दोपहर गणेशपुरा में रहने वाले दो लड़के उसकी दुकान पर पीतल के बर्तन बेच गए थे। जिसके बाद 13 जनवरी की शाम को कार क्रं. एमपी06-जेडके-6051 से मनोज और सतीश पाराशर निवासी गणेशपुरा दुकान पर पहुंचें। उन्होंने दुकानदार उमेश से कहा कि उनका पुत्र कान्हा घर से पीतल के बर्तन चुराकर उनकी दुकान पर बेच गया है। इसी बात को लेकर उमेश की दोनों युवकों से बहस हुई तो उन्होंने उमेश की मारपीट कर डाली।

उमेश के अनुसार दोनों युवक मारपीट के बाद उसकी दुकान से नकदी डेढ़ लाख रूपये लूटकर ले गए है। शिकायती आवेदन में बताया है कि मारपीट का घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। बर्तन व्यवसाई उमेश ने पुलिस से दोनों युवकों के विरुद्ध एफआईआर करने की मांग की है।

30 बीघा शासकीय भूमि कब्जा मुक्त कराई, नष्ट कीं फसलें

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 जनवरी। एसडीएम जौरा शुभम शर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को चिन्नौनी गांव में सरकारी जमीन से दबंगों के कब्जे

जौरा एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई

को हटाकर 30 बीघा जमीन को मुक्त कराया। इस जमीन पर दबंगों द्वारा उगाई जा रहीं फसलों को जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टरों से नष्ट कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार चिन्नौनी निवासी पान सिंह ने कलेक्टर

लोकेश कुमार से गांव के बदन सिंह नामक व्यक्ति द्वारा 30 बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा कर फसलें उगाने की शिकायत की थी। जिसे लेकर कलेक्टर ने एसडीएम जौरा शुभम शर्मा को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसडीएम श्री शर्मा बुधवार को 5 जेसीबी मशीन एवं 5 ट्रेक्टरों के साथ राजस्व अमले और पुलिस फोर्स के साथ चिन्नौनी गांव में पहुंचें। जहां टीम ने बदन सिंह द्वारा कब्जा की गई 30 बीघा सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

इस जमीन पर उगाई जा रही फसलों को ट्रेक्टरों से नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार प्रमोद सिंह तोमर, चिन्नौनी थाना प्रभारी एसडी बाथम, झुंडपुरा चौकी प्रभारी ऋषिकेश शर्मा, पटवारी आनंद डंडौतिया, मनीष शर्मा, पंचायत सचिव नीरज कर्ण, हाकिम सिंह जाटव, सोनू शर्मा सहित सहित राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

एक नजर में

सीआरपीएफ सूबेदार का बीमारी से निधन, ससम्मान हुई अंत्येष्टि

मुरैना/कैलारस, 14 जनवरी। जम्मू कश्मीर में पदस्थ कैलारस के बस्तौली में रहने वाले सीआरपीएफ सूबेदार प्रहलाद सिंह सिकरवार पुत्र भोगीराम सिंह सिकरवार का बीते रोज बीमारी से निधन हो गया। बुधवार को उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। यहां बता दें कि प्रहलाद सिंह सिकरवार सन 1991 में नीमच में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। उनकी पहली पोस्टिंग सीआरपी कैंप काठगोदाम में हुई। वर्तमान में वह श्रीनगर में पदस्थ थे। जम्मू-कश्मीर में पदस्थापना के दौरान बीते रोज उनका बीमारी से निधन हो गया। उनकी पार्थिव देह कैलारस के बस्तौली स्थित पैतृक गांव में लाई गई, जहां बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सशस्त्र जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी।

समूह की महिलाओं के साथ सांसद ने उड़ाई पतंग

मुरैना। मकर संक्रांति के पर्व पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने स्व.सहायता

समूह की महिलाओं के साथ हौसलों की उड़ान को प्रोत्साहित करते हुए पतंग उड़ाकर उन्हें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का संदेश दिया। उन्होंने इस अवसर पर सभी दीदियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं भी दीं। बुधवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में हुए आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश सिंह तोमर, जिला प्रबंधक कृषि वीरेश सिंह भदौरिया, जाहिल, उमेश राजौरिया, सचिन धोटे, द्वारिका प्रसाद धाकड़, अमित राजपूत, राजकुमारी कुशवाह सहित बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

हिंदू ही विश्व को शांति-सद्भावना का संदेश देता है : शंकराचार्य

मुरैना। हिंदू ही सारे विश्व को शांति सद्भावना का संदेश देता है। यह बात द्वारिका पीठ के शंकराचार्य प्रज्ञानंद सरस्वती ने जौरा आगमन पर मिश्र वाटिका में कही। वे सबलगढ़ जाते समय जौरा में हिंदू समाज के लोगों के आग्रह पर ठहरे थे। उन्होंने कहा कि जौरा में 25 जनवरी को होने वाले महासम्मेलन में मेरी उपस्थिति को आज ही मेरी भावनात्मक स्वरूप में स्वीकार करें। इस मौके पर विजय बंसल, अरविंद पाराशर, अजय सिंह सिकरवार, डॉ. बनवारीलाल त्यागी, रुद्र दुबे, प्रदीप, बंटी मुद्गल, संजय शर्मा, दतिया की राजकुमारी परिणीता राज, सुमन बंसल, पूनम दंडोतिया, मीरा पाठक, दिनेश पाठक, अनिल कुशवाह, संजय शर्मा, सोनू बंस, भावुक शर्मा, अजय वैष्णव, भरत शर्मा, राज ठाकुर, बॉबी पाठक, बृजेश त्यागी, विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सरहद पर तैनात जांबाज वीरों की वजह से हम सब सुरक्षित : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 जनवरी। हमारे देश के जांबाज सैनिक बॉर्डर पर दिन-रात जागकर सीमाओं की सुरक्षा करते

वेटरंस-डे पर शहीदों की विधवाओं, 1971 युद्ध के वीर सैनिकों का हुआ सम्मान

हैंए इसलिए हम लोग देश के अंदर सुरक्षित हैं। इस दौरान हजारों सैनिकों ने दुश्मनों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों

का त्याग और बलिदान अविस्मरणीय है।

यह बात कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बुधवार को वेटरंस डे के मौके पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड परिसर में आयोजित समारोह में कही। कलेक्टर जांगिड़ ने कहा कि मुरैना जिले के हजारों सैनिक देश की चारों दिशाओं में बॉर्डर पर मोर्चा संभाले हैं। हमारे जिले के कई जवानों ने भारत-चीन 1962, 1976 में हुए युद्धए 1971 में भारत-पाक और कारगिल युद्ध में अपनी शहादत देकर दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए। सेना, सैनिकों और पूर्व सैनिकों का यह जज्बा हम सबके लिए गौरव की बात है। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू एमआर पांडे ग्रुप कैप्टन एयरफोर्स, विंग कमांडर हर्षवर्धन शर्मा, सूबेदार मेजर देवेंद्र आरटी रेजीमेंट, पूर्व चंबलांचल सैनिक संघ के जिलाध्यक्ष कप्तान दीवान सिंह चौहान, सूबेदार सिंह तोमर, सचिव विजय सिंह सिकरवार, रविंद्र सिंह सिकरवार, पोरसा ब्लॉक अध्यक्ष मकरंद सिंह तोमर, अंबाह ब्लॉक अध्यक्ष दर्शनलाल, पूर्व सैनिक कप्तान मातादीन गुर्जर, लक्ष्मण गुर्जर, कैप्टन रामदीन परमार, कोषाध्यक्ष कुलवेंद्र सिकरवार, मीडिया प्रभारी धर्मवीर सिकरवार आदि मौजूद रहे।

शहीदों की वीरांगनाओं, पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शौर्य चक्र विजेता शहीद विवेक सिंह तोमर धर्मपत्नी रेखा तोमर, शहीद योगेंद्र सिंह की पत्नी कृष्णा कुमारी, शहीद चरन सिंह की पत्नी रामस्नेही, शहीद रामलखन सिंह की पत्नी मीरा देवी को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं वर्ष 1971 युद्ध में शामिल रहे पूर्व सैनिक सूबेदार मकरंद सिंह तोमर, सूबेदार मातादीन सिंह गुर्जर, हवलदार जयवीर तोमर, नायक जयसिंह, नायब सूबेदार जगदीश सिंह तोमर, नायब सूबेदार दर्शनलाल का शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

भारत यदि शरीर है तो हिंदुत्व उसकी आत्मा

सबलगढ़, 14 जनवरी। नगर में आज हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री प्रज्ञानंद सरस्वती द्वारा धर्म प्रेमी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत शरीर है तो हिंदुत्व उसकी आत्मा है सनातन धर्म आज से नहीं है जब से है जब सूर्य चंद्रमा और पृथ्वी है धर्म जाति वर्ण से नहीं होता है जाति वर्ण से

नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

व्यवस्था होती है जाति वर्ण व्यवस्थाओं के लिए है लेकिन श्रेष्ठता प्राप्त विचारों से होती है आज हरेक के ऐसा पुत्र पैदा हो जो राष्ट्र का उद्धार करे हर घर में शंकराचार्य पैदा हो राष्ट्र का नायक बने ऐसे पुत्रों की परिकल्पना क्यों नहीं हो रही है आज माता पिता कहते हैं कि महाराज जी बच्चे बिगड़ रहे हैं हरे जब माता पिता सुधर जायेंगे तो बच्चे भी नहीं बिगड़ेंगे ध्रुव जी ओर प्रहलाद जी को तो माता की कोख में ही संस्कार मिले अपनी इंद्रियों को शांत करते हुए जगत के कल्याण के लिए कार्य करे आज परिवार बिगड़ रहे हैं व्यक्ति धर्म से दूर जा रहा है सारा जगत परमात्मा का रूप है हम सनातन धर्मी है इस संसार में हम रोटी कपड़ा मकान के लिए नहीं आए हैं हमारे देश में यमन और अग्रेजों के कारण हमारे धर्म का हास हुआ है हिन्दू धर्म सम्मेलन को संबोधित करते हुए आर एस एस के मुरैना प्रमुख धन राज सिंह ने कहा कि आज भारत का नाम विश्व में बड़े गर्व से लिया जाता है कोई भी व्यक्ति जब विदेश जाता है तो लोग पूछते हैं कि कहा से है तो भारत के नाम के साथ हिंदू माना जाता है। भारत हिन्दू राष्ट्र है और रहेगा हिंदू तो उदारवादी है गांव के हर मंदिर पर आरती के बाद बोलते हैं कि धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भाव हो विश्व का कल्याण हो यही हिंदुत्व है। कार्यक्रम में महंत बालक दास जी महाराज नगर मंडल अध्यक्ष बसंत बंसल पवन राठौर रामेश्वर शर्मा भीमसेन रावत रूबी धानुक हरी बाबा हरी बंसल विष्णु सोनी बालकिशन अवस्थी सुभाष मंगल राजेश गौड़ मंच संचालन राकेश सिंह जादौन द्वारा किया गया महिलाओं द्वारा नगर में कलश यात्रा निकाली गई रंगोली भी सजाई गई हिन्दू सम्मेलन में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।

कृषि मंत्री ने 1.38 करोड़ के सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 जनवरी। मप्र के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिए सड़क, बिजली और पानी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं सरकार का संकल्प है कि कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे।

यह बात उन्होंने बुधवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जखौना रायपुर में स्कूल परिसर के पास से राठौर का पुरा होते हुए बघपुरा रोड तक 1 करोड़ 38 लाख 59 हजार रुपये की लागत से बनने वाली 1.10 किलोमीटर लंबी सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रजनी माहौर, समाजसेवी बालकृष्ण सांटा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि सरकार विकास के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विकास कार्य और अधिक गति पकड़ेंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा श्मशान निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर मंत्री श्री कंषाना ने मौके पर ही श्मशान निर्माण कराने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात कृषि मंत्री श्री कंषाना ने सड़क दुर्घटना में घायल लालसिंह पुत्र किशोर सिंह के निवास पर पहुँचकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा विधायक निधि से सहायता राशि स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया।